राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 23 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन देहरादून से "जेएसडब्ल्यू–एनडीए कार रैली" को फ्लैग ऑफ किया। 'ऑपरेशन बदली' की स्मृति व राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस कार रैली का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी द्वारा किया जा रहा है।

जेएसडब्ल्यू–एनडीए की यह कार रैली देहरादून से शुरू होकर विभिन्न शहरों से होते हुए दिल्ली 'वॉर मेमोरियल' ग्वालियर, मऊ, नासिक व पुणे पहुंचेगी। रैली में एनडीए के 15 अधिकारी और सेवानिवृत अधिकारी प्रतिभाग कर रहें हैं। ये अधिकारी विभिन्न शहरों के दौरे पर रहेंगे, मार्ग में शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों से भी बातचीत करेंगे जिससे छात्रों को करियर विकल्पों के बारे में जानने का एक उत्कृष्ट अवसर मिलेगा, इसके अलावा ये छात्र 'एनडीए में जीवन' के बारे में जानकारी हासिल करेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने "जेएसडब्ल्यू–एनडीए कार रैली" का आयोजन किए जाने पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी को अपनी बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा की ये बेहद गौरवान्वित करने वाला पल है। आज से 70 साल पहले जेएसडब्ल्यू को पुणे में एनडीए के रूप में स्थापित किया गया था साथ ही हम राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की 75वीं वर्षगांठ भी मना रहें हैं। राज्यपाल ने कहा की वे स्वयं भी एनडीए के 50वें बैच में रहें और जीवन में जो भी उपलब्धियां हासिल की हैं वो सभी एनडीए से ही प्राप्त हुईं हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी ने 38 हजार कैडेट्स देश को दिए है साथ ही एक हजार से अधिक विदेशी कैडेट्स को भी ट्रेनिंग दी है। देश की सुरक्षा हेतु एनडीए प्रतिबद्ध रहा है। साथ ही कहा की मुझे बेहद गर्व है कि मुझे एनडीए से प्रशिक्षण प्राप्त करने का सौभाग्य दिया। इस अवसर पर एनडीए कमांडेंट, वाइस एडमिरल अजय कोचर, जीओसी सब एरिया मेजर जनरल आर प्रेम राज, जीओसी 14 रैपिड मेजर जनरल टी एम पटनायक सहित अन्य सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

............0............